Regarding need to curb the increasing air and water pollution caused by industrial units in Giridih, Jharkhand-laid

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी **(**गिरिडीह**):** गिरीडीह सदर में स्पंज आयरन, पिग आयरन, रोलिंग मिल, राइस मिल के कारख़ाने में पर्यावरण मानकों को ताक पर रख कर वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण किया जा रहा है, जिससे वहाँ हज़ारों लोगों को श्वास संबंधी परेशानियाँ आ रही हैं । स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया जा रहा है कि बच्चों की अपंगता, सिलिकोसिस, अस्थमा की शिकायत की वजह वहाँ हो रही ज़हरीली गैस का रिसाव और मानकों से ज़्यादा गैस उत्सर्जित होने की वजह है । माननीय पर्यावरण मंत्री से से अनुरोध है कि जल्द कोई ठोस कदम उठाया जाए जिससे पर्यावरण को हो रहे नुक़सान से बचाया जा सके और वहाँ रह रहे स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य रक्षा हो सके ।